प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 298 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– विकसित भारत में बेहतरीन स्वास्थ्य केन्द्र होंगे आरोग्यता की गारंटी।
2. लखनऊ में कल से शुरू होगा दो दिवसोय सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव : केन्द्रीय मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह और मुख्यमंत्री होंगे कार्यक्रम में शामिल।
3. प्रदेशभर में आज हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सुलह–समझौते के आधार पर लोगों को मिला त्वरित न्याय। और
4. अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिये राज्य सरकार करेगी हरित आतिशबाजी शो का आयोजन : राम की पैड़ी और सरयू के घाटों पर जलाये जायेंगे 26 लाख से अधिक दीये।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 298 करोड़ रुपये लागत की

कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान श्री योगी ने 50 करोड़ रुपये लागत की गामा नाइफ मशीन और राज्य के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर का शुभारम्भ भी किया। इस सेंटर के बन जाने से लोगों को ब्रेन ट्यूमर और दिमागी संबंधी बीमारियों के इलाज में मदद मिलेगी।

इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि चौमुखी विकास के लिये समय की रफ्तार से तालमेल बनाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षो के दौरान राज्य सरकार ने लोगों को बेहतर और उच्चीकृत स्वास्थ्य और चिकित्सीय सेवाएं देने के लिये ठोस उपाय किये हैं।

बाइट....

*2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हर नागरिक के चेहरे पर आरोग्यता की गारंटी भी हम दे पाएंगे बेहतरीन स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से, इसकी शुरूआत आज से ही होनी चाहिए, यद्यपि पिछले आठ वर्ष में हम लोगों ने इस दिशा में कई कदम बढ़ाये हैं, आप याद करिये मेडिकल कालेज की संख्या दुगुनी से भी अधिक हो गयी, प्रदेश में यहां के चिकित्सा संस्थानों में एम0बी0बी0एस0 की यूजी की जो सीट्स थीं, उसमें ढाई गुना का अंतर आया है, पीजी की सीट्स में तीन गुना का अंतर आया है। सुपर स्पेसिलिटी में तीन गुना से अधिक सीट्स हम लोगों ने बढ़ाने में सफलता प्राप्त की आज हर जनपद में ICU की सुविधा है मिनी ICU भी है डायलिसिस की सुविधा है, अब CT स्केन भी 72 जनपदों में लग चुके हैं ये सब सुविधाएं वहां पर प्राप्त हो रही हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से एक संजाल सा बिछा हुआ है ढाई हजार से अधिक की संख्या में प्रदेशभर में वे अपनी सेवायें दे रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया संस्थान में पिछले कुछ ही वर्षों में 20 बेड्स से बढ़कर एक हजार 375 बेड्स का विस्तार किया गया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर में मेडिकल डिवाईस पार्क और ललितपुर में फार्मा पार्क बन रहा है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद थे।

——————————

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह कल और 15 सितम्बर को लखनऊ में होने वाले सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।

राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्था– एनबीआर आई के निदेशक डॉ0 अजीत कुमार शासनी ने बताया कि पहले दिन कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। उन्होंने बताया कि कॉक्लेव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करना और स्टार्टअप से जोड़ना है। श्री शासनी ने कहा कि सीएसआईआर की प्रयोगशालाएं इस समागम में टेक्नोलॉजी पेश करेंगी, ताकि युवा इसे अपनाकर स्टार्टअप शुरू कर सके। बाइट....

*जितने सारे टेक्नोलॉजी हमारे पास है जो कि यही टाइम पे कान्टैक्टरी टाइप में जो अल्पीकेबल है तो उसी को शो केस करें और उसके साथ–साथ जो स्टार्टअप हमारे से डेवलप हुए है वो सब भी आ के यहां अपना डिस्पले करेंगे टेक्नोलॉजी।*

कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश सहित देशभर से दो सौ से ज्यादा किसानों को आमंत्रित किया गया है।

——————————

प्रदेश भर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान फर्रुखाबाद, मेरठ, मथुरा और हमीरपुर सहित विभिन्न जनपदों में दीवानी और गैर आपराधिक मामलों को सुलह समझौता के आधार पर निपटाया गया। इसके अलावा पारिवारिक मुकदमे, यातायात–चालान, बैंक विवाद, नगर निगम से संबंधित गृहकर, जलकर समेत अनेक मामलों का निस्तारण भी किया गया। राज्य में इस साल यह तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई, जिसमें न्यायायिक अधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले–जिले में आयोजित की जा रही इन अदालतों के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा हैं। लोक अदालतों के जरिये लोगों के मुकदमों का निस्तारण कम समय और कम खर्च पर हो रहा है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल क़िले की प्राचीर से दीवाली तक जीएसटी सुधारों की घोषणा की। आइये आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर डालते हैं एक नज़र......

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया है। नए ढांचे के तहत, सब्ज़ियाँ, फल, मेवे और जूस जैसी वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, नमकीन, भुजिया और मिक्सचर पर भी 12 प्रतिशत की जीएसटी की दर से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, कैंडी, टॉफ़ी, जेली जैसी वस्तुओं पर भी जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। एक किराना दुकानदार सुरेश ने बताया कि सरकार ने आगामी त्योहारी सीज़न से पहले लोगों को बड़ी राहत दी है।*

*पहले 18 परसेंट जीएसटी था उसको आज 12 परसेंट कर दिये है। पांच परसेंट था जो जीएसटी उसको जीरो कर दिये है। आज तेल, साबुन, पेस्ट, घी, तेल सभी का फाइव परसेंट कर दिया। ये सैंट्रल गर्वमेंट का बहुत बड़ा चमत्कार है। जीएसटी दरों में कटौती से दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतें कम होंगी जिनसे इनकी खपत और मांग भी बढ़ेगी। इसके अलावा लगभग सभी खाद्य उत्पादों की कम कीमतों से जीवनयापन में भी आसानी होगी। देश भर के लोग जीएसटी में हुए इस बदलाव का स्वागत कर रहे हैं, क्योंकि जीएसटी में कमी से परिवारों पर आर्थिक दबाव कम होने की*

*संभावना है। नई कर दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आज मथुरा में वृंदावन अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा संचालित रसोईघर का दौरा किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि अक्षयपात्र फाउंडेशन के माध्यम से राज्य के कई जगहों पर बच्चों का गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आपदा के समय में भी यह संस्था बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। इस सुरक्षित संस्था की कार्यशैली और कार्यो की न सिर्फ सराहना होनी चाहिये, बल्कि इसका अनुकरण भी जरूरी है। बाइट.....

*प्रदेश भर में कई जगहों पे अक्षय पात्रा के माध्यम से बच्चों को मिड्डे–मील का जो भोजन है वो उपलब्ध कराया जाता है और गुणवत्ता भी उसकी बहुत अच्छी होती है अक्षय पात्रा के सहयोग से हम सब लोग बहुत जगहों पे लाखों बच्चों को अच्छा भोजन, गुणवत्तापरक भोजन और गरम पका हुआ भोजन उपलब्ध करा पा रहे हैं, उनके सहयोग से सरकार उनसे साथ में मिल करके कार्य करती है। बाढ़ के समय में भी जब लोगों को राहत की आवश्यकता है और भोजन की आवश्यकता है, जो राहत केंद्रों में वहाँ पर भी अक्षय पात्रा के द्वारा अपना सहयोग दिया जा रहा है और लोगों को जो भोजन है सरकार भी उपलब्ध करा रही है गरम भोजन और अक्षय पात्रा के माध्यम से भी लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और अच्छी व्यवस्थायें बनायी गयी है।*

——————————

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एक ख़ास पहल करने जा रहा है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मिशन– कर्मयोगी पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान विभागीय अधिकारी, नियमित और संविदा कर्मियों तथा शिक्षक कर्मयोगी पोर्टल wwwigot.karmayogi.gov.in पर पंजीकरण कर विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 14 सितंबर है। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के सतत् कौशल विकास को बढ़ावा देना, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और नई तकनीकों के प्रति दक्ष बनाना है।

——————————

राज्य सरकार अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारियों में जुट गई है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगामी 19 अक्टूबर को दीपोत्सव के दौरान ग्रीन फायर वर्क्स शो का आयोजन किया जायेगा। यह आतिशबाजी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। करीब 10 मिनट तक चलने वाला यह शो संगीत, लेज़र इफेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्रॉफी से सजा होगा। इस बार के दीपोत्सव पर राम की पैंड़ी और सरयू नदी के घाटों पर 26 लाख से अधिक दीपक रौशन किये जायेंगे,

यह दीप भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का प्रतीक बनकर असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का प्रकाश फैलायेंगे।

——————————

राज्य के गोरखपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, मथुरा, अलीगढ़, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव सहित 25 जिले बाढ़ से प्रभावित है। गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी तथा मथुरा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रदेश सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है।

(समाप्त)